दैनिक प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंगेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच


मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :-02 अंक :-232 मुरादाबाद 19 December 2022 (Monday) पृष्ठ:-08 मूल्य :- 3.00 रूपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पीएम ने कई विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन, बोले- अब विवादों का बॉर्डर नहीं, विकास का कॉरिडोर है




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मेघालय और त्रिपुरा की यात्रा पर हैं। पीएम मोदी शिलांग में उत्तर-पूर्व परिषद के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार सुबह मेघालय की राजधानी शिलांग पहुंचे और यहां उत्तर-पूर्व परिषद की 50वीं वर्षगांठ पर स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए। पीएम मोदी यहां पारंपरिक वेशभूषा में दिखे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि खेलों को लेकर केंद्र सरकार आज नई सोच के साथ आगे बढ़ रही है।इसका लाभ पूर्वोत्तर के युवाओं को मिला है। देश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी पूर्वोत्तर में है। प्रधानमंत्री ने कहा, फुटबॉल में अगर कोई खिलाड़ी खेल भावना से नहीं खेलता तो उसे रेड कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया जाता है।ऐसे ही पिछले 8 वर्षों में हमने पूर्वोत्तर के विकास के रास्ते में अनेक रुकावटों को रेड कार्ड दिखा दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी से सिर्फ बातचीत, संवाद ही बेहतर नहीं होता। बल्कि इससे टूरिज्म से लेकर टेक्नॉलॉजी तक, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, हर क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ती हैं, अवसर बढ़ते हैं।


### वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज बनाएगी सरकार

एएनआई पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 से पहले यहां योजनाओं के लिए सिर्फ फीते काटे जाते रहे।पूर्वोत्तर के विकास पर सात लाख करोड़ खर्च हुए। पिछली सरकार की सोच विभाजन की थी। लेकिन अब विवादों का बॉर्डर नहीं, विकास का कॉरिडोर है। उन्होंने कहा कि बॉर्डर का विकास डंके की चोट पर हो रहा है। हम वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज बनाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि हम पूर्वोत्तर का पूरी ईमानदारी से विकास कर रहे हैं। हम विकास मॉडल बना रहे हैं। हमने पूर्वोत्तर में वोट बैंक की राजनीति खत्म की है।आज पूर्वोत्तर को सस्ती हवाई सेवा का मौका मिल रहा है।

### अमित शाह का बयान

वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी उत्तर-पूर्व परिषद के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब हर 15 दिन में एक मंत्री नॉर्थ ईस्ट का दौरा करते हैं और नरेंद्र मोदी ने पीएम बनने के बाद 50 से ज्यादा बार इस क्षेत्र का दौरा किया है। छ्ह्रह्लश्चक्र( पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास) का गठन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था और अब पीएम मोदी ने सुनिश्चित किया कि सभी बड़ी परियोजनाएं समय पर पूरी हों। पीएम मोदी अपनी मेघालय-त्रिपुरा की यात्रा के दौरान 6,800 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि इन परियोजनाओं में आवास, सड़क, कृषि, दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यटन और आतिथ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों की परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा अगरतला में मोदी 'प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी और ग्रामीण' के तहत दो लाख से अधिक लाभार्थियों के लिए 'गृह प्रवेश' कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

## लोगों को हमारी विचारधारा पसंद, 2027 में गुजरात में बनाएंगे सरकार- AAP की बैठक में बोले अरविंद केजरीवाल



आम आदमी पार्टी (आप) की कापसहेड़ा में हो रही राष्ट्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले हमने गुजरात में ठीक से चुनाव लड़ा है। हमारा 14 प्रतिशत वोट प्रतिशत है और पांच विधायक हैं। 2027 में हमारी गुजरात में सरकार बनेगी। दिल्ली नगर निगम चुनाव में जीत के लिए सभी को बधाई। इसके साथ ही हमारी राष्ट्रीय पार्टी बन गई है, इसके लिए सभी को बधाई है। हम इसलिए इस जगह पर पहुंचे हैं क्योंकि हम जनता की बात करते हैं। आज हम इस बैठक में अपनी विचारधारा पर बात कर रहे हैं। कट्टर देशभक्ति, कट्टर ईमारदारी और इंसानियत यह तीन हमारे मूलमंत्र हैं। हमारी ऐसी पार्टी है जो पता चल जाने पर अपने ही मंत्री को भी जेल भेज देती है।

### लोग चीन का सामान खरीदना बंद करें- केजरीवाल

चाइना जिस तरह हमें आंखे दिखा रहा है, यह हमारे देश के लोगों को अच्छा नहीं लगता है। मीडिया और इंटरनेट मीडिया में आता है कि कहीं पर चाइना हमारे अंदर जा रहा है। मगर केंद्र कहता है कि सभी कुछ ठीक ठाक है। भारत चाइना से कारोबार बढ़ा रहा है। जबकि चाहिए यह कि चाइना से कारोबार बंद करे, चाइना से कारोबार बंद क्यों नहीं करते। चाइना से खिलौने, चप्पल और कपड़े आ रहे हैं क्या हम इन्हें नहीं बना सकते हैं। इन्हें हम अपने यहां क्यों नहीं बना लेते है मैं लोगों से अपील करता हूं कि चाइना का सामान खरीदना बंद करो और भारत सरकार से अपील है कि चाइना से सामान मंगाना बंद करे। साढ़े सात लाख करोड़ का कारोबार भारत चाइना के साथ कर रहा है। इसे बंद कर दिया जाना चाहिए।

### देश छोड़कर जा रहे कारोबारी

आज भारत सरकार ने हालात ऐसे कर दिए हैं कि ईमानदारी से काम करने वाले कारोबारी देश छोड़कर जा रहे हैं। क्योंकि उनके पीछे सीबीआइ, ईडी लगा देते हैं और चाइना वालों को झूला झुलाते हैं। यह ठीक नहीं किया जा रहा है। केंद्र सरकार की रिपोर्ट कहती है कि देश में महंगाई की दर सात प्रतिशत है और दिल्ली में महंगाई केवल चार प्रतिशत है।

## 22 साल की रबिता के 12 टुकड़े: पहले से शादीशुदा था दिलदार, शरीर के कई हिस्से मिले; सिर की तलाश जारी

साहिबगंज/बोरियो - झारखंड के साहिबगंज में 22 साल की रबिता के 12 टुकड़े करने के मामले में पुलिस उसके पति दिलदार और ससुराल वालों से पूछताछ कर रही है। शनिवार को रबिता की एक अंगूली, एक कंधा, एक कूल्हा, एक हाथ, पीठ का निचला हिस्सा, फेफड़ा एवं पेट के अंश बरामद किए गए थे। रविवार की सुबह पुलिस ने दो अंगुली एंव पेट का हिस्सा आंगनबाड़ी केंद्र बोरियो संथाली से बरामद किया है। हालांकि, अबतक रबिता का सिर नहीं मिल सका है। पुलिस ने दिलदार के मामा मोईनुल अंसारी के पड़ोसी मैनुल अंसारी के घर से मृतका के चप्पल व कपड़े बरामद किए हैं।बताया जा रहा है कि स्टैंड किरानी मैनुल अंसारी के फाजिल टोला स्थित आवास में ही दिलदार के मामा मोईनुल अंसारी ने रबिता की हत्या की थी। फिर लोहे काटने वाली मशीन से शव के 12 टुकड़े कर फेंक दिए। दिलदार की मां मरियम खातून ने अपने भाई मोईनुल अंसारी के बोरियो मांझ



टोला स्थित घर पर रबिता को पहुंचाया था। अबतक मिली जानकारी के मुताबिक, बोरियो थाना क्षेत्र के गोडा पहाड़ की पहाड़िया समुदाय की युवती 22 वर्षीय रबिता पहाड़िन और बोरियो बेल टोला के दिलदार अंसारी ने एक-दूसरे से प्रेम विवाह किया था। दिलदार पहले से शादीशुदा था, जिस कारण उसके घरवालों को रबिता पसंद नहीं थी। दिलदार के पिता मो. मुस्तकीम अंसारी, मां मरियम खातून, पत्नी गुलेरा, भाई अमीर अंसारी समेत अन्य घरवालों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। बता दें कि पहाड़िया आदिवासियों की 32 जनजातियों में से एक है। यह जनजाति पहाड़ों पर रहती है। पहाड़ों पर एक जगह अधिकतम 20-25 घर होता है। दिनोंदिन इन जनजाति की संख्या घटती जा रही है। जिले में इनकी आबादी 80-85 हजार के आसपास है। एक अनुमान के मुताबिक 90 प्रतिशत पहाड़िया धर्मांतरण कर ईसाई बन चुके हैं। संताल परगना की प्रमुख आदिवासी जनजाति संताल से इनकी प्रतिद्वंद्विता है। इस वजह से यह जनजाति पारंपरिक रूप से भाजपा के समर्थक हैं।

# स्वास्थ व्यवस्था का हाल बेहाल है जिला प्रशासन के तमाम दावो के बीच व्यवस्था में सुधार नही देखने को मिल रहा

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर. जिले के दूरस्थ क्षेत्रो में स्वास्थ व्यवस्था का हाल बेहाल है जिला प्रशासन के तमाम दावो के बीच व्यवस्था में सुधार नही देखने को मिल रहा...जिले के कई जगहों पर एम्बुलेंस की सुविधा नही मिलती..परिजन खाट पर ढोकर अस्पताल ले जा रहे है. पहला मामला लूलह गांव का है जहाँ प्रसव पीडा से तडपते महिला कैलोबाई 22 वर्ष को वाहन सुविधा नही मिलने पर परिजन खाट में ढोकर कई किलोमीटर लाया गया इसके बाद ही उसे एम्बुलेंस मिली जिसे लेकर बिहारपुर स्वास्थ केन्द्र लाया गया..एक दिन उपचार करने के बाद उसे सूरजपुर जिला अस्पताल लाया गया जहाँ से मेडिकल कालेज रेफर दिया गया. जहाँ उसने एक बच्ची को जन्म दिया. दूसरा मामला बैजनपाठ का है जहाँ प्रसव पीडा से तडपते महिला ऋतु यादव 25 वर्ष को वाहन सुविधा नही मिलने पर उसे कई किलोमीटर का सफर पैदल तय करना पड़ा..इसके उपरांत ही उसे 108 वाहन नसीब हुई जिसे बिहारपुर स्वास्थ केन्द्र ले जाने के बाद उसे सूरजपुर जिला अस्पताल लाया गया जहाँ उसने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया.परिजनों ने बताया वाहन के लिए फोन किये पर वे घाट पहाड़ होने के वजह असमर्थ जताते हुए खोहिर गांव तक पहुचने को कहा.इसके बाद वहां पहुचने पर एम्बुलेंस मिली. उपस्वास्थ्य केंद्र रहता है बंद- 2 दर्जन से अधिक गांव के बीच महुली उप स्वास्थ्य केंद्र है जिसमे कई स्वास्थ कर्मचारी कागजो में पदस्थ है जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है ग्रामीणों ने बताया महुली उपस्वास्थ्य केंद्र अधिकांश बंद रहता है एक नर्स है जो प्रतापपुर से आना जाना करती है सप्ताह में एक दिन खोलती है.इस पूरे मामले में मुख्य जिला चिकित्साधिकारी में बताया कि कमियां दूर की जा रही है उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य में अपग्रेड किया जाएगा साथ ही दूरस्थ अंचलों में बाइक एम्बुलेंस की व्यवस्था बनाई जा रही है-डॉ0 आर एस सिंह,मुख्य जिला चिकित्साधिकारी सूरजपुर

## खबर का असर

# वनमंडलाधिकारी व वन विभाग की टीम ने हाथी प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर -शनिवार को सूरजपुर वन मंडलाधिकारी व वन विभाग टीम ने जिले के बिहारपुर क्षेत्र के हाथी प्रभावित गांवों में किया दौरा ,मोहरसोप,खैरा,व कछिया आदि गांव का दौरा कर जायज़ा लिया। साथ ही पुलिस चौकी मोहरसोप भी गए । उन्होंने गांव के हाथी प्रभावित ग्रामीणों से मिलकर जंगली हाथियों के बारे में जानकारी ली।साथ ही आश्वासन देते हुए आवश्यक मुआवजा राशि देने कहां और हाथियों से सतर्क रहने को कहा है। साथ ही वन परिक्षेत्र अधिकारी मेवालाल पटेल को जंगली हाथियों से पीड़ित ग्रामीणों का एक सप्ताह के भीतर आवश्यक क्षतिपूर्ति बनाने कहां ।विदित हो कि 1 सप्ताह में 5 गांव में लगभग एक दर्जन से अधिक घरों को तोड़फोड़ कर घर में रखे अनाज खाकर चट किये।

23 हाथियों का दल लगभग ढाई महीने से क्षेत्र में तांडव मचाया रहे है जिससे बहरा देव नामक हाथी का दल 1 सप्ताह से लगभग दर्जनों ग्रामीणों का घर को तोड़ कर फसल को रौंदकर चौपट कर रहे हैं।ठंड के इस मौसम में हाथियों का कहर ग्रामीणों पर भारी पड़ रहा है वही दिनभर गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के जंगल में डेरा डाले रहते हैं शाम होते ही हाथी गांव की ओर रुख कर जाते हैं ।जिससे ग्रामीण भय के साये में जीवन जिने को मजबूर है। साथ में बीते दिनों मोहरसोप के पुलिस चौकी में भी हाथियों ने धावा बोल दिया था ।

# मोर आवास, मोर अधिकार कार्यक्रम, भाजपा कार्यकर्ता पहुंच रहें गांव - गांव

## दूरस्थ गांव छतरंग,पालकेवरा, बड़वार, घुईड़ीह,में सघन दौरा



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ओड़गी -भाजपा जिलाध्यक्ष के आह्वान पर भाजपा मंडल ओड़गी के कार्यकर्ता मोर आवास, मोर अधिकार कार्यक्रम के अंतर्गत गांव छतरंग,पालकेवरा,बड़वार,घुईडीह पहुंचे।उक्त कार्यक्रम में सबसे पहले ओड़गी भाजपा मंडल के कार्यकर्ताछतरंग,पालकेवरा,बड़वार,घुईडीह पहुंचकर ग्रामीणजनों से मुलाकात कर वर्तमान सरकार की नाकामी को सामने लाते हुए आवास फॉर्म भरवाए।गांव के लोगों ने भाजपा कार्यकर्ता के सामने अपने आप को ठगा हुआ महसूस होने की बात कही।ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा, हम गरीबों को उनके आवास का अधिकार को दिला कर मोदी जी के सपने को साकार करेंगे। अगर भूपेश सरकार आवास देने में नाकाम रही तो हम सडक् की लड़ाई लड़ेंगे। भाजपा महामंत्री प्रवीण गुर्जर ने कहा कि भूपेश सरकार जब से सत्ता में बैठी है एक भी आवास नहीं बना है। हमारे प्रधानमंत्री आवास के लिए पैसा भेज रहे हैं, लेकिन भूपेश सरकार गरीबों के आवास को लेकर उदासीन हैं।भाजपा कोषाध्यक्ष संधारी यादव ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार गांव, गरीब व किसान की आंखों में आंसू ला रही है तथा जरूरतमंद छत्तीसगढ़वासियों के पक्का मकान के सपने को चूर-चूर कर रही है। किसी व्यक्ति को जिंदगी जीने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान की अति आवश्यकता होती है। हमारे देश के प्रधानमंत्रीजी ने 2022 तक सभी को पक्का आवास देने का एक संकल्प लिया है,

लेकिन भूपेश सरकार गरीबों के आशियाने को बनाने में गंभीर नहीं है। हम सभी भाजपा के लोग आप लोगों की अधिकार की लड़ाई लड़ेंगे।जिला कांग्रेस सरकार ने 8 लाख आवास वापस किए हैं, इसी के चलते हैं पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव ने इस्तीफा दिया हैं। भूपेश सरकार अपने घोषणाओं के विपरीत काम कर रही है,आज प्रदेश का एक-एक जनता ठगा हुआ महसूस कर रहा है।इस मौके पर प्रभारी- बृजेश सिंह , विनोद सिंह हनूक लाल यादव ,कृतपाल सिंह, रावेन्द्र गुर्जर, मंगल साय, सुखदेव लल्लूराम, गोरेलाल, रामेश्वर, आलोक सिंह ,शिवमंगल, भैयालाल ,संतलाल, पितांबर जगदेव, हरिश्चर ,सुरेश ,ईश्वर रामपति ,भैया लाल, रंग लाल गोपाल, भाजपा कार्यकर्ता व भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास को लेकर बिहारपुर में भाजपाइयों लगाई चौपाल

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-बिहारपुर-प्रदेश संगठन के आह्वान पर भाजपा जिला सूरजपुर के निर्देशन में भाजपा मण्डल बिहारपुर चांदनी के द्वारा बिहारपुर मोहरसोप कुबेरपुर में जनचौपाल लगाकर प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों ने आवेदन देकर मुख्यमंत्री के नाम पर राज्यांश की राशि दिए जाने की मांग की है केन्द्र सरकार द्वारा दिया जा रहा है परंतु राज्य सरकार द्वारा राज्यांश की राशि न देकर गरिब किसानों के आवास हितग्राहियों के साथ छल पूर्वक पैसे वापस किया जा रहा है दुसरे राज्यों में भरपूर मात्रा में आवास का निर्माण कराया जा रहा है परंतु छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जिसका आवास अधूरा है उसका पैसा रोक दिया गया और नया निर्माण चार साल से ठप्प कर दिया गया है जिसे लेकर भाजपाईयों ने जनचौपाल लगाकर समस्याएं सुनी इस दौरान भाजपा मंडल प्रभारी शिवप्रसाद सिंह अध्यक्ष रामेश्वर बैस पूर्व अध्यक्ष रामपाल जायसवाल महामंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता हंसेलाल जायसवाल शिवधन गुप्ता प्रभारी देवेन्द्र कुमार गुप्ता बीपी जायसवाल कन्हैयालाल साहू लल्लूपुरी रामानुज देवांगन सुभाष गिरी सुरेन्द्र पुरी दीपक शिवसरन भिखारीलाल रामसुभग बिहारीकाशी रामसकल सिंह सहित भारी संख्या में आवास हितग्राही उपस्थित थे।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## जिले के विभिन्न स्थानों पर मे आयोजित कार्यक्रमों में लोगों को दी गई योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में 4 साल पूर्ण होने के उपलक्ष में आज छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया गया। जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। गौरव दिवस पर आज जनपद पंचायत मरवाही के बंसीताल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा नगर पंचायत पेंड्रा,ग्राम पंचायत कुदरी, सोबचरवार, नवागांव, धोबहर, मुरमुर, गिरारी, तिलोरा, डाहिबहरा, आमाडांड, बढावनडाड, जोगीसार, गांगपुर, वन परिक्षेत्र पेंड्रा के लघु वनोपज समिति अमारू-पीथमपुर एवं दानी कुंडी सहित जिले के स्थानों पर उत्साह से छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया गया।

# पत्नी के मायके जाने के गम में युवक ने फांसी लगाकर दी जान



मुरादाबाद-मायके से पत्नी के न लौटने से क्षुब्ध होकर युवक ने घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत से परिवार में मातम है। मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर ब्रह्मपुरी कालोनी निवासी राहुल फैक्ट्री में काम करता था। उसके पिता जेल में है। दो साल पहले उसकी शादी रामपुर के शाहबाद थाना क्षेत्र निवासी सोनी से हुई थी। उसके पास एक बेटी है। पुलिस के मुताबिक सात माह पूर्व मझोला पुलिस ने जयंतीपुर में छापेमारी की थी। इस दौरान राहुल का पिता रामौतार देह व्यापार कराने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था।मुरादाबाद- मायके से पत्नी के न लौटने से क्षुब्ध होकर युवक ने घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत से परिवार में मातम है। मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर ब्रह्मपुरी कालोनी निवासी राहुल फैक्ट्री में काम करता था। उसके पिता जेल में है। दो साल पहले उसकी शादी रामपुर के शाहबाद थाना क्षेत्र निवासी सोनी से हुई थी। उसके पास एक बेटी है।

पुलिस के मुताबिक सात माह पूर्व मझोला पुलिस ने जयंतीपुर में छापेमारी की थी। इस दौरान राहुल का पिता रामौतार देह व्यापार कराने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था।पोस्टमार्टम में फांसी से मौत की हुई पुष्टि- स्वजन ने उसे फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मझोला धनंजय सिंह ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छानबीन की। पोस्टमार्टम में फांसी से मौत होने की पुष्टि हुई है। राहुल की मौत के बाद से उसकी मां गुड्डी और परिवार के अन्य लोगों का बुरा हाल है।

## जनसपंर्क विभाग द्वारा लगाई गई फ़ोटो सह विकास प्रदर्शनी देखने पहुंचे पेण्ड्रा नगर पंचायत अध्यक्ष



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा प्रदर्शनी के लगने से लोगों में शाशन के द्वारा कराये जा रहे विकाश कार्यों व आमजनमानस के लिये की जा रही जन हितकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त होगी और जन जागरुकता बढ़ेगी। ज्ञात हो कि जनसपंर्क विभाग जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के द्वारा फ़ोटो सह विकास प्रदर्शनी का आयोजन पेण्ड्रा के बजरंग चौक में किया गया प्रर्दशनी का मकसद छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा हर क्षेत्र में किये गये विकाश कार्यों की जानकारी एकत्रित कर आम जनमानस तक पहुँचाना है। प्रदर्शनी में राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गौधन न्याय योजना,छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन,श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना आदि योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर नगर पंचायत पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान,पार्षद इकबाल सिंह,वरिष्ठ कांग्रेसी पवन सुल्तानिया,ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास पार्षद पारस चौधरी,मीडिया प्रभारी रईस खान सहित गणमान्य नागरिकों ने विकास पर आधारित जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# छजलैट प्रकरण में बचाव पक्ष की ओर से गवाहों को अदालत ने दिया अंतिम मौका

मुरादाबाद- चौदह साल पुराने छजलैट प्रकरण में शनिवार को आरोपियों की ओर से दो और गवाह पेश किए गए। अब इस मामले में दो जनवरी तक बचाव पक्ष को गवाह पेश करने का अंतिम मौका दिया है। छजलैट थाने के सामने पुलिस ने 29 जनवरी 2008 पूर्व मंत्री एवं सपा नेता आजम खां की कार चेकिंग के लिए रुकवाई थी। इसे लेकर हंगामा हो गया था। सूचना मिलने पर मुरादाबाद के अलावा आसपास के जनपदों से भी सपा नेता और कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए थे । सपा नेताओं पर आरोप लगाया था कि उन्होंने आम जनता को उकसा कर सड़क जाम करते हुए बवाल किया था। सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। इस मुकदमे की सुनवाई जिले की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट स्मिता गोस्वामी की अदालत में की जा रही है। विशेष लोक अभियोजक मोहन लाल विश्नोई ने बताया कि शनिवार को बचाव पक्ष की ओर से दो और गवाह मोहम्मद आरिफ निवासी कांठ और सुधीर सिंह निवासी नगीना ने अदालत में आकर अपने बयान अंकित कराए। शनिवार को आजम खां और अब्दुल्ला आजम न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। जिनकी ओर से स्थगन प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया। आजम खां और अब्दुल्ला आजम के स्थगन प्रार्थनापत्र स्वीकार कर लिए गए हैं। पूर्व विधायक नईम ऊल हसन, मनोज पारस, डी पी यादव, राजेश यादव अदालत में हाजिर हुए। अदालत ने शेष गवाह प्रस्तुत करने के लिए आरोपी पक्ष को अंतिम मौका प्रदान करते हुए दो जनवरी की तारीख लगा दी है।

# भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में शहर में 21 को निकलेगी यात्रा

मुरादाबाद- महानगर कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक में भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में 21 दिसंबर को यहां शुरू की जाने वाली यात्रा को सफल बनाने पर चर्चा की गई। चौमुखा पुल स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन हो गए हैं। पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में 21 दिसंबर को सुबह 9-15 बजे कंपनी बाग में गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ होगा। जो गुरहट्टी चौराहा, अमरोहा गेट, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, ईदगाह रोड, संभल चौराहा होते हुए करूला के कोहिनूर तिराहा पर समापन होगा। उन्होंने इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में असद मौलाई, मो. अहमद खान, अनुराग शर्मा, शिवराज सिंह गुर्जर, मो. शमी, अरशद परवेज, सलीम अख्तर, अफसर अंसारी, डॉ. मो. जमाल, परवेज इस्लाम, अनिल गुर्जर, नाजिम परवेज आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा ने व संचालन प्रवक्ता मो. शमी ने किया। इसके अलावा प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों को लेकर नगर पंचायत कुंदरकी में संगठन एवं प्रत्याशियो, आवेदकों से मिलकर यात्रा को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। नगर पंचायत कुंदरकी के पदाधिकारी एवं संभावित प्रत्याशियों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष असलम खुर्शीद, अफजल साबरी, गयूर अंसारी, महोतिशीम, मुख्तार, दाऊद खान, शौकत अली, हशमत अली, चौधरी एहसान खान व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।




इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Killer cleaning

It is a shameful situation in the 21st century that despite all the scientific-technological advancements, we have lost 400 precious lives in the last five years while cleaning sewers and septic tanks. This year also 48 people are said to have died. Undoubtedly, where the failure of the system lies at its root, there is also the insensitivity of the society. The irony is that the local bodies and the people doing the cleaning are absolved of the responsibility of rehabilitating the dependents of the scavengers who die during this period. Undoubtedly, such deaths are extremely painful and a slap on the face of the society of discrepancy. Recently, when Union Minister of State for Social Justice and Empowerment Ramdas Athawale gave this information in the Lok Sabha, the information gave rise to many questions. These figures show the reality of our false claims of development. After all, why some people put their lives at stake for the maintenance of their families. After all, why are they bound to risk their lives despite the apprehension of danger. Why couldn't we use such techniques which could alert the sanitation workers that poisonous gas is present in the sewer or septic tank. Why do sanitation workers descend into death wells despite not having adequate safety and life-saving equipment? Many times many people lose their lives in an attempt to save a person in danger. If rescue and relief measures are implemented in time, many lives can be saved. Undoubtedly, it is a matter of relief that after long social movements and meaningful initiatives of certain politicians, the country has been freed from the stigma of manual scavenging. In fact, this has been stopped after the Prohibition of Employment as Manual Scavengers and their Rehabilitation Act, 2013 came into force. Despite this, the question remains troubling as to why lakhs of people are still forced to do the hazardous work of cleaning septic tanks and sewers. On the other hand, the central government is claiming that after eliminating the practice of manual scavenging, workers 39 crore has been paid in the year 2021-22 under the self-employment scheme for the rehabilitation of Along with this, compensation has also been given to most of the families of the workers who died in these accidents. Despite this, it is necessary that special attention should be paid to the safety of cleaning workers so that such accidents do not recur in future. It is notable that in the year 2019, the Supreme Court had reprimanded the Central Government and asked it to provide safety equipment like safety masks and oxygen cylinders to the sanitation workers entering sewer lines and septic tanks. So that their lives can be saved in case of poisonous gas. Along with this, it is necessary that while removing the inequality from the society, the human rights of the cleaning workers should also be protected. This system should be action oriented. Adequate pay and facilities should also be given to those doing this challenging work. So that they can carry out their work with dignity. It should not happen that those who do important work like cleanliness in the society should be looked down upon. In true sense this class deserves protection. So that their children can get better upbringing and education. Along with this, efforts should be made in the entire country to give priority to mechanized cleaning. ten lakh rupees for their maintenance, should be followed sensitively.

# Abhishek Bachchan's team won the Kabaddi Season 9 title, the actor danced with Aishwarya in a packed stadium

Actor Abhishek Bachchan is currently on cloud nine, the reason being the actor's Kabaddi team winning. Yes, Abhishek Bachchan's Kabaddi team Jaipur Pink Panther has won the Pro Kabaddi League Season 9 title. Danced with wife Aishwarya and daughter Aaradhya- The actor could not contain himself in the joy of the team's victory and danced a lot with wife Aishwarya Rai Bachchan and daughter Aaradhya Bachchan in the packed stadium.



Pictures and videos are becoming increasingly viral on social media. In the wonderful pictures of this special occasion, Abhishek, Aishwarya and Aaradhya are very excited about their team becoming the winner. Aishwarya Rai Bachchan shared the picture - Actress Aishwarya Rai Bachchan has also shared many pictures on social media. In the first picture, Aaradhya is holding the trophy. In the second picture, Aishwarya, Abhishek and Aaradhya are with the trophy. At last Aaradhya and Aishwarya are taking selfie. Written in the caption – Jaipur Pink Panthers is the champion of Pro Kabaddi Season 9. Had an amazing season. We are proud of our team which consists of talented and hard working players. May God bless you always. May you receive love, light and more strength. Keep shining. Abhishek Bachchan expressed happiness- Apart from Aishwarya, Abhishek also posted many pictures with his team and expressed his happiness. He wrote- Proud of the team.. They worked quietly for this cup. Despite criticism, he worked hard and kept faith. Everyone wrote that he was finished, but he believed in himself. That was the way.. It took us 9 years to win this cup again.

# These five Haryanvi songs created a lot of buzz in 2022, crossed the million mark on YouTube

Bollywood songs have always been popular, but in today's era, the magic of Haryanvi songs also speaks on people's heads. Especially in parties, there is tremendous fanfare of them. Today Haryanvi song will be heard from everyone's mouth. So let's know which Haryanvi songs were in the top five in the year 2022. Gypsy Song - You must have surely heard the song Gypsy released this year. As soon as this song came, it went on the tongue of the people. While many reels were made on it, this song also became the highlight of the parties. This song by Haryanvi artists Pranjal Dahiya and Dinesh Golan has got more than 218 million views. Birthday Party Ho Song - Shaadi Ki Ya Birthday Ki Badhaai Dena Ho This time Haryanvi's 'Birthday' song created a lot of buzz on social media. The




craze about this song is known from the fact that till now more than 15 million views have been received. Bharatar Song - Talking about the Haryana top trending song of this year, the song 'Bhartar' was also heard a lot. . This song by Haryanvi singer and actor Sumit Goswami has received a lot of love from the fans and has got around 25 million views on YouTube. Gaadi ke peechey gadi aur Jhote - The Haryanvi song 'Jhote' released this year is also very popular. Stayed. This song was taken by the people and it was liked a lot. Talking about the views, this song has been seen by 11 million people so far. At the same time, the song 'Gaadi Ke Peeche Gaadi' has also got about 10 million views.


# यूरिया खाद की किल्लत को लेकर भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने सौंपा ज्ञापन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा- पटियाली तहसील पर भारतीय किसान यूनियन स्वराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पांडे के निर्देशन में अवनीश यादव प्रदेश सचिव किसान मोर्चा व सुधीर मिश्रा जिला प्रभारी की मौजूदगी मे उपजिलाधिकारी रवेन्द्र कुमार पटियाली के द्वारा एक ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री महोदय व गृह विभाग उत्तर प्रदेश के नाम सौंपा गया जिसमें मुख्य मांगे जनपद कासगंज में यूरिया खाद उर्वरक को लेकर भारी किल्लत बनी हुई है एवं गन्ना किसानों का पुराना बकाया भुगतान नही हुआ और नया भुगतान भी मिलो द्वारा नहीं किया जा रहा है जिससे गन्ना किसानों को आर्थिक संकेत से जूझना पड़ रहा है तथा कादरगंज क्षेत्र के गंगा तटीय गांव के किसानों के लिए जगह जगह गंगा के जल से सिंचाई हेतु डेम बनाते जाए जिससे किसानों के खेतों को पानी मिल सके व सरकारी समितियों पर खाद को कीमत से अधिक रूपए में किसानों को बैचेन आदि समस्याओं को लेकर स्ढरू महोदय के मध्यम से ज्ञापन सौंपा इस मौके पर पंडित ललित कुमार मिश्रा,संदीप यादव, राजेश कुमार,चंचल कुमार,कुलदीप बघेल, गौरव मिश्रा,अनमोल मिश्रा,मु शाहिद,चंदन पांडे,इकरार मन्सूरी, लियाकत मन्सूरी, आलोक उपाध्याय, शिवरतन उपाध्याय, सुनील चौहान,प्रदीप मिश्रा,रमनपाल सिंह, किशोर कुमार,सरन सिहं,धीरेन्द्र यादव, राजेन्द्र सिंह,योगेन्द्र सिंह,मुन्नीदेवी,प्रधान प्रेमवीर सिंह,धोनी पांडे, अतुल राजपूत आदि संगठन के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे ।।

# पुलिस ने कराया करीब 15,0000 रुपए की अवैध शराब का विनिष्टीकरण



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शराब माफियाओं के कारनामों पर बड़ी कार्यवाही, थाना कोतवाली नगर पुलिस ने कराया करीब 15,0000 रुपए की अवैध शराब का विनिष्टीकरण ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में माल निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 17.12.2022 को अपर उप जिला मैजिस्ट्रेट श्री विक्रम सिंह चाहर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री सुधीर कुमार सिंह की उपस्थिति में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा उत्कृष्ट पैरवी करते हुए माननीय न्यायालय से आदेश प्राप्त कर 63 भिन्न-भिन्न अभियोगों से सम्बन्धित मालों का विनिष्टीकरण कराते हुए जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर अवैध शराब नष्ट कराई गई। जिसका विवरण निम्नवत है- 52 बोतल, 92 पौआ अंग्रेजी शराब व 620 ली0 कच्ची शराब व बनाने के उपकरण कुल अनुमानित कीमत 15,0000 रूपये

# पाक के विदेश मंत्री भुट्टो का भाजपाइयों ने फूंका पुतला

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



कासगंज। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई अभद्र टिप्पणी पर भाजपा जिला इकाई ने आक्रोश व्यक्त किया है। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष के.पी. सिहं सोलंकी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने शहर के गांधी मूर्ति पर प्रदर्शन किया। इस दौरान पाक मंत्री का पुतला भी दहन किया। गांधी मूर्ति पर प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने पाक विदेश मंत्री के बयान की तीखे शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत की पहचान एक सशक्त राष्ट्र के रूप में बनी है। हर मोर्चे पर विफल पाकिस्तान के विदेश मंत्री का बयान उनकी हताशा और निराशा को दर्शाता है। पाकिस्तान और अराजकता एक दूसरे के पूरक बन गए हैं। सदर विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर जिस तरह का वक्तव्य दिया है, उसकी जितनी भी निंदा की जाए, कम है। इस दौरान राजवीर भल्ला, सुरेश माहेश्वरी, रामनिवास राजपूत, अनुरोध प्रताप सिंह, केपी सिंह, शरद गुप्ता, राजेंद्र बोहरे, कुमुकम वार्ष्णेय, विजय लक्ष्मी, केके सक्सेना, अमित गुप्ता बाबा, संजय मूना, शैलेन्द्र यदुवंशी, कुलदीप प्रतिहार, हिमांशु उपाध्याय, प्रशांत राजपूत, रोहित सोलंकी, प्रतीक माहेश्वरी, अतुल, अंशुल, शिवम, बबलू, हरवेंद्र, नरेंद्र, राजू चौहान, श्यामू यादव, सत्यम, हर्षित, विनम्र मौजूद रहे।

# पठान मूवी को लेकर हिन्दूवादी संगठनों में दिखा भारी आक्रोश



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा में पठान मूवी को लेकर हिन्दूवादी संगठनों में दिखा भारी आक्रोश, हिन्दू संगठनों ने पाठक होटल चौराहे पर फूंका शाहरुख खान का पुतला, विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने शाहरुख खान का फूंका पुतला, लोगों ने शाहरुख खान मुर्दाबाद के लगाए जमकर नारे, देश भर में पठान मुवी का किया जा रहा है हर जगह बिरोध,

शहीद पार्क से विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर फूंका पुतला, पाठक होटल चौराहे पर हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं शाहरुख खान का पुतला फूंकने का मामला।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगला गजपति,आजमनगर गोशाला का निरीक्षण कर लिया जायजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा केवजिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगला गजपति,आजमनगर गोशाला का निरीक्षण कर लिया जायजा, नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दो कर्मचारी मिले अनुपस्थित,एक दिन का वेतन काटने का सीएमओ को दिया आदेश, डीएम ने कहा कि नवीन प्राथमिक




स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई कराई जाए,जनसामान्य को मिलनी चाहिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ भारत मिशन फेस द्वितीय के तहत अलीगंज देहात गांव में निर्माण कार्य गुदवक्तापूर्ण न पाए जाने पर दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करने दिए निर्देश,आजमनगर गोशाला में पशुओं की टैगिंग न मिलने पर पशु चिकित्साधिकारी को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने प्रेमिका को गोली मारकर खुद को भी मारी गोली , प्रेमी की मौके पर मौत

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-कहते हैं प्यार अंधा होता है। प्यार के आगे प्रेमी युगल को अच्छाई एवं बुराई दिखना बंद हो जाती है। प्रेमी युगल ना ही परिवार की चिंता करते हैं , और ना ही उनको समाज का भय होता है । एक दूसरे को पाने की चाहत में प्रेमी युगल कुछ भी कर गुजर जाने को तैयार रहते हैं। चाहे उन्हें मौत को ही गले क्यों ना लगाना पड़े। दरअसल मामला अलीगढ़ के कोतवाली इगलास के अंतर्गत विदिरिका गांव का है। जहां पड़ोस में रहने वाले युवक एवं युवती का प्रेम प्रसंग कुछ महीनों से चल रहा था। जब इस बात की जानकारी युवती के परिजनों को हुई तो उन्होंने लड़के के खिलाफ नजदीकी थाने में युवक के खिलाफ तहरीर दी, जब युवक एवं युवती के परिवार वालों को बुलाकर एक दूसरे से अलग रहने का फैसला हुआ दोनों ही परिवार एक ही जगह पर रहने की वजह से युवती का परिवार लड़के को चौक में खड़ा होने से मना करता था। यह बात युवक को नागवार गुजरती थी। टोका टोकी से आहत होकर युवक ने युवती को गोली मारकर खुद को भी गोली मार ली लेकिन युवक के परिवार का कहना है कि युवक को गोली युवती के ताऊ ने मारी थी और युवती के ही ताऊ ने क्रॉस केस करने की वजह से लड़की के पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। इस गोलीकांड में लड़के की मौके पर ही मौत हो गई एवं घायल लड़की को अलीगढ़ जेएन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां युवती का इलाज चल रहा है भैंस खोलने घर से बाहर आई थी प्रेमिका- एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि प्रेमी ने प्रेमिका को गोली मारी थी इसके बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली परिवार ने एक तरफ प्यार में घटना होना बताया है पूरे मामले की जांच की जा रही है

# बनारस में फिल्म पठान का विरोध, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री ने पुतला फूंका



बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म पठान रिलीज होने से पहले ही विवादों में है।रविवार को वाराणसी में भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री डॉ. जयनाथ मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फिल्म पठान का विरोध किया। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म पठान रिलीज होने से पहले ही विवादों में घिरती जा रही है। रविवार को वाराणसी में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री डॉ. जयनाथ मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कचहरी मुख्यालय पर %पठान% के विरोध में प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए शाहरुख खान का पुतला फूंका। कहा कि शाहरुख खान ने आने वाली फिल्म पठान में दीपिका पादुकोण के साथ मिलकर हिंदू सनातन धर्म के केसरिया रंग को बदनाम करने का काम किया है। उसे हिंदू समाज कतई बर्दाश्त करने को तैयार नहीं है। जयनाथ मिश्रा ने कहा कि शाहरुख खान हिंदू संस्कृत को बदनाम कर रहे हैं। फिल्म की नायिका ने किया मातृशक्ति का अपमान- अगर वो काशी आएंगे तो सड़कों पर निकलने नहीं दिया जाएगा। फिल्म की नायिका ने जिस प्रकार से केसरिया रंग का कपड़ा पहन कर मातृशक्ति का अपमान किया है। हम जिस दल में काम करते हैं उसमें मातृशक्ति की पूजा होती है। इस दौरान अखिलानंद, शेषधर चौबे, नितिन अग्रवाल, जय गोविंद समेत कई लोग मौजूद रहे। रामनगर में पठान फिल्म के विरोध में किया प्रदर्शन- विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को रामनगर के शास्त्री चौक पर तपेश्वर चौधरी और संदीप श्रीवास्तव के नेतृत्व में फिल्म पठान का विरोध किया। इस दौरान अभिनेता शाहरुख खान का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में भगवा के प्रति टिप्पणी करने वालों का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। दिनेश मौर्या ने कहा कि अगर पठान फिल्म को वाराणसी के किसी भी सिनेमाघर में प्रदर्शित करने की कोशिश की गई तो कड़ाई से विरोध करेंगे।

# करंट की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद- क्षेत्र के गांव नानऊ के माजरा हैदरनगर में बीतीरात करंट की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। गांव हैदरनगर निवासी विद्या देवी पत्नी रक्षपाल सिंह की बाल्टी में में विद्युत रॉड डालकर पानी गर्म कर रहीं थी। इसी दौरान उन्हें जोरदार करंट लग गया।परिजन आननफानन में उपचार के लिए अलीगढ़ लेकर भागे लेकिन रास्ते में ही विद्या देवी ( 70 ) ने दम तोड़ दिया। उनकी मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। विद्या देवी बेटे रिषीपाल सिंह व यतीश पाल सिंह सहित परिजनों को रोते विलखते छोड़ा है

**अन्य खबरों के लिए देखे**
WWW.KNLSIVE.COM

## कप्तान साहब आखिर कब तक धड़ल्ले से चलेगा गैस रिफिलिंग का सिलसिला



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-हरदुआगंज- मोहल्ला न्यू बौहरान में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का कार्य अभी भी जारी है। पूर्व में कई बार छापेमारी होने के बाद भी यह सिलसिला अब थम नहीं रहा है। हरदुआगंज थाने से चंद कदम दूरी पर खुलेआम धड़ल्ले से चल रहे गैस रिफिलिंग के अवैध धंधे से पुलिस के कान में कोई जूं तक रेगता नहीं दिख रहा है। खुलेआम चल रहे इस धंधे से लोग बेहद परेशान हैं और लोग सहमे हुए भी हैं कई लोग यह भी कहते हैं कि कोई घटना घटित ना हो जाए। गैस रिफिलिंग धंधा ना बंद होने पर कुछ ऐसा लगता है कि अवैध कारोबार क्या कारोबारी पुलिस को मोटी रकम देकर काम कर रहे हैं।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में
संपर्क करे-
9027776991

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-
knlslive@gmail.com
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

# भाईचारा सम्मेलन में बोले रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी, गन्ने का भाव खोलने को तैयार नहीं सरकार



खतौली की नवीन मंडी में गठबंधन का भाईचारा सम्मेलन रविवार दोपहर शुरू हुआ।प्रशासन ने भाईचारा सम्मेलन करने को अनुमति शर्तों के साथ दे दी थी। रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में खतौली स्थित नवीन मंडी स्थल में सपा रालोद गठबंधन का भाईचारा सम्मेलन शुरू किया गया। गठबंधन के नेताओं की चेतावनी के बाद शुक्रवार की शाम को प्रशासन बैकफुट पर आ गया था। खतौली की नवीन मंडी में ही भाईचारा सम्मेलन करने को अनुमति शर्तों के साथ दे दी गई। रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यहां उन्होंने मंच से बोलते हुए कहा कि सरकार गन्ने का भाव खोलने को तैयार नहीं है।

## 2023 में रालोद चलाएगा समरसता अभियान – जयंत सिंह

रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह ने कहा कि यह चुनाव वह हमेशा याद रखेंगे। तीन गांव में तो वह हर घर तक गए। खतौली से सीख लेकर तय किया है कि यह कारवां रुकेगा नहीं। रालोद ने अब समरसता अभियान चलाने का फैसला किया है। नए साल के बाद समरसता अभियान चलेगा।खतौली में गठबंधन की रैली में उन्होंने कहा कि 2023 में वह खुद 15 सौ गांव में जाएंगे। गठबंधन के जरिए व्यवस्था बदलने की लड़ाई है। किसान परिवार की मासिक आय सिर्फ आठ हजार है, एक परिवार में कई-कई सदस्य होते हैं। सरकार के दलाल किसानों को परेशान करते हैं, लेकिन किसानों की चिंता नहीं करते। चीन का दखल बढ़ रहा है, लेकिन सरकार जवाब नहीं दे रही है। खतौली नवीन मंडी में रालोद-सपा गठबंधन का भाईचारा सम्मेलन को लेकर जिला प्रशासन ने अनुमति देने से मना कर दिया था। शनिवार की सुबह गठबंधन पदाधिकारियों ने कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर भाजपा



नेताओं और जिला प्रशासन पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर सीओ के माध्यम से अनुमति मिल गई थी। मगर, सम्मेलन से एक दिन पहले ही प्रशासन की तरफ से अनुमति रद्द करा दी गई। इससे साफ जाहिर होता है कि यह सब साजिशन हुआ है।कहा कि सत्ताधारी नेताओं के दबाव में आकर यह निर्णय लिया गया। सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, पूर्व सांसद राजपाल सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत राठी, रालोद विधानमंडल दल के नेता राजपाल बालियान, विधायक चंदन चौहान, विधायक अनिल कुमार, पूर्व मंत्री योगराज सिंह शामिल रहे।

# पीजी के बाद सरकारी अस्पतालों में देनी होगी 15 साल की सेवा, कोर्स पूरा कर नहीं लौटने वालों पर होगी एफआईआर



स्वास्थ्य विभाग के असेवित जिलों में कार्य करने वाले तमाम डॉक्टर पीजी करने के लिए विभागीय स्वीकृति लेकर गए, लेकिन पांच साल का समय बीतने के बाद भी नहीं लौटे। अब उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी है।प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग में कार्य करते हुए विशेषज्ञ (एमडी या एमएस) डिग्री लेने वाले डॉक्टरों को अब 10 से 15 साल तक सरकारी अस्पताल में कार्य करना होगा। इतना ही नहीं बॉन्ड की राशि एक करोड़ से बढ़ाकर दो करोड़ रुपये करने की तैयारी है।


अभी तक कोर्स के हिसाब से यह व्यवस्था दो से 10 साल तक थी। विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को देखते हुए इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग अन्य राज्यों की व्यवस्था के आकलन में जुटा है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के असेवित जिलों में कार्य करने वाले तमाम डॉक्टर पीजी करने के लिए विभागीय स्वीकृति लेकर गए, लेकिन पांच साल का समय बीतने के बाद भी अब तक वे लौटकर संबंधित चिकित्सालय में नहीं आए हैं।ऐसे में 2010 के बाद पीजी कोर्स करने जाने वाले डॉक्टरों का डाटा तैयार किया जा रहा है। कोर्स के बाद वापस नहीं लौटने वाले डॉक्टरों पर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी और उनसे बॉन्ड की राशि वसूली जाएगा। इसी तरह 2019 में पीजी के लिए जाने वाले डॉक्टरों का इस साल कोर्स पूरा हो रहा है। इनकी तलाश विभाग ने शुरू कर दी गई है।

# फर्रुखाबाद में पुलिस मुठभेड़: गोली लगने से बदमाश की मौत, कई थानों में दर्ज हैं 19 मुकदमे, दो सिपाही भी हुए घायल



उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश की मौत हो गई। वहीं, दो सिपाही भी गोली लगने से घायल हुए हैं।फर्रुखाबाद जिले के कायमगंज थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में शातिर अपराधी की गोली लगने से मौत हो गई। वहीं, दो सिपाही घायल बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, शहर कोतवाली के गांव चांदपुर निवासी रिंकू उर्फ देवेंद्र (38) पर विभिन्न थानों में 19 मुकदमे दर्ज थे। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के टेलीकोन के पास सुबह चार बजे पुलिस की देवेंद्र से मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने से देवेंद्र घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी भेजा, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। लोहिया अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने देवेंद्र को मृत घोषित कर दिया। देवेंद्र मूल रूप से जनपद कन्नौज थाना विशुनगढ़ के गांव प्राइमपुर पैरोल का रहने वाला था। वह लंबे समय से चांदपुर में रह रहा था। पुलिस का कहना है कि मुठभेड़ में कायमगंज कोतवाली के सिपाही राजेश और सचिन भी घायल हुए हैं। पुलिस ने उन्हें कहीं भर्ती नहीं कराया है। उनके गोली कहां लगी है, अभी यह भी स्पष्ट नहीं किया है।

# गोगाजी धाम पर बिहारी जी के संग खेली भक्तों ने फूलों की होली



अलीगढ – श्री गोगा जी धाम के वार्षिकोत्सव में तृतीय दिवस दोपहर में संगीतमयी सुंदर काण्ड , छप्पन भोग के साथ गोवर्धन महाराज का हुआ पूजन माधव बाल विकास मंदिर कालीदह माधव रोड ,महेंद्र नगर, अलीगढ़ स्थित श्री गोगा जी धाम का सातवां स्थापना दिवस एवं मेला कार्यक्रम धूमधाम से चल रहे हैं । मीडिया प्रभारी भुवनेश आधुनिक के अनुसार संगीतमयी सुंदरकांड में मन्दिर महंत बाबा विकास माधव व धर्मपत्नी विजेता गुप्ता ने मुख्य यजमान के रूप में श्री राम जी एवम हनुमान जी की आरती की । सुंदर काण्ड में हनुमान जी से जगत के कल्याण की कामना की गई । साँय काल छप्पन भोग के मध्य जब गोवर्धन महाराज ने भक्तों को दर्शन दिए तो भक्त तो मानो पागल हो उठे । इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत एवम सम्मान श्री गोगाजी धाम सेवा समिति ने किया । सांय 7 बजे से बिहारी जी के साथ भक्तों ने फूलों की होली खेली और जमकर नृत्य किया । इस अवसर पर भक्त अपनी सुधबुध खोकर राधा कृष्ण की भक्ति में तल्लीन हो गए । इस अवसर पर श्रीमती मनोरमा देवी , विकास माधव , विजेता गुप्ता कन्हैयालाल माहौर गुरुजी के सानिध्य में विकास गुप्ता बालाजी , अभिनव गुप्ता , ज्ञान प्रकाश वार्ष्णेय , डॉ के पी यादव , रवि गुप्ता , अनुज वार्ष्णेय , शिवकुमार वार्ष्णेय मॉडर्न , डा विनोद भारद्वाज , अमित सहस्मानिया , सी ए संदीप गुप्ता , भुवनेश वार्ष्णेय , दीपिका वार्ष्णेय , पार्षद अलका गुप्ता , शशांक वार्ष्णेय , विनय वार्ष्णेय , महेश चंद्र वार्ष्णेय , सपना वार्ष्णेय , नवरतन , इंद्र गोपाल वार्ष्णेय , पुनीत मित्तल , अंकित बंसल , अंकित गर्ग , योगेंद्र सविता टेटे , राहुल अग्रवाल , घनेंद्र वार्ष्णेय , राजू यादव , राकेश कुमार , राजकिशोर , सी पी शर्मा , विनय चिनार , राजकुमार बिजली वाले , प्रवीण वार्ष्णेय , मनीष वार्ष्णेय भालू , अभिनव गुप्ता , विवेक शंकर वार्ष्णेय , राहुल अग्रवाल , अमित प्रकाश गुप्ता , विराट गुप्ता , विराज गुप्ता , ज्ञानप्रकाश वार्ष्णेय , भुवनेश वार्ष्णेय , दिनेश चंद्र वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी भुवनेश आधुनिक के अनुसार 19 दिसंबर को साँय 4:00 बजे से माताजी चौकी एवम कव्वाली कार्यक्रम सांय 7 बजे से रहेगा ।

# नियुक्ति पत्र देकर मुख्यमंत्री योगी शिक्षकों से बोले- ट्रांसफर-पोस्टिंग में न पड़ें अपना काम करें



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रवक्ताओं व सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। कार्यक्रम में 15 जिलों के अभ्यर्थी शामिल हुए।मुख्यमंत्री योगी ने नियुक्ति पत्र पाने वाले सहायक अध्यापकों व प्रवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप कोशिश करें कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर नवाचार तैयार करें। हमें हमेशा अपने आप को अपडेट रखना होगा। इससे समस्याओं का समाधान भी होगा। आपका सम्मान भी होगा। आप सभी नवनियुक्त युवाओं से मेरा कहना है कि आप नियुक्ति के बाद ट्रांसफर पोस्टिंग के चक्कर मे मत पड़ना। आपको अपनी जिम्मेदारियों निर्वहन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योग्यता ही आपको सम्मान दिलाएगी। सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से एक क्रांतिकारी कदम उठाया है,। भारत दुनिया के अंदर शिक्षा के एक बहुत बड़े केंद्र के रूप में स्थापित हो सकता है। आज छात्र पर डिग्री डिप्लोमा लेकर निकलता है तो एक चौराहे पर खड़ा होता है कि क्या करे? उस छात्र को तैयार करने की जिम्मेदारी शिक्षक की ही होती है।आप शासन के प्रोजेक्ट का हिस्सा बनेंगे तो इससे आप के साथ-साथ छात्र और संस्थान दोनों बढ़ेंगे। हमने एक लाख 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की है। शासकीय कॉलेजो में 40 हजार की नियुक्तियां हुई हैं। उच्च शिक्षा की भर्तियां अलग हैं। इस बात से आप प्रेरित होंगे कि ऐसी ही निष्पक्षता अपने कार्यपद्धति में लाना होगा। असीम संभावनाओं वाला प्रदेश है यूपी-मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश असीम संभावनाओं वाला प्रदेश है। हमें इसके विकास के लिए सहयोग भी देना होगा। संस्कृत शिक्षकों की भी भर्तियां हमने करवाई। भर्ती प्रक्रिया युद्धस्तर पर जारी है लेकिन हमको उस निष्पक्षता की कार्यपद्धति को अपनाना होगा। भर्तियां पूरी हुई है तो ,नियुक्ति भी जरूर होगी। वेरिफिकेशन की प्रक्रिया में समय लगता है तो मैं खुद विभागों से इस के लिए जानकारी लेता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा, आपने पिछले साढ़े पांच-छह वर्षो में प्रदेश के माहौल और कार्यपद्धति को देखा होगा। प्रदेश बदला है। निवेश आया है। हमारा क्या योगदान हो जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ हो। इसकी ओर सोचना होगा। नीति आयोग की रैंकिंग में आज उत्तर प्रदेश ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। टॉप 10 में 5 जनपद उत्तर प्रदेश के हैं। टॉप 20 में हमारे 8 जनपद हैं। आज यूपी में निवेश आ रहा है इससे युवाओं को असीम अवसर मिलेंगे। उत्तर प्रदेश की छवि साढ़े पांच साल पहले क्या थी आप भी जानते होंगे। युवाओं को रहने के लिए कमरे नहीं मिलते थे। आज ये धारणा बदली है। आप उत्तर प्रदेश को नई पहचान बनाने के अभियान में सहायक होंगे। इस शुभकामना के साथ आपको हृदय से बधाई।

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, डिवाइडर से टकरा पलटी कार, एक परिवार के तीन लोगों की मौत



फिरोजाबाद- लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर रविवार सुबह नगला खंगर क्षेत्र में 72 किमी पर दिल्ली से लखनऊ की तरफ जा रही स्विफ्ट डिजायर कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। घटना में ससुर, बहू और नातिन की मृत्यु हो गई और दो लोग घायल हो गए। घायलों को यूपीडा टीम ने सैपई के पीजीआइ अस्पताल में भर्ती कराया। दिल्ली के कौशिकपुरी निवासी 55 वर्षीय आसीन अंसारी अपने स्वजन के साथ स्विफ्ट डिजायर कार से लखनऊ की तरफ जा रहे थे। गाड़ी को उनका बेटा अजहरूद्दीन चला रहा था। सुबह करीब सवा सात बजे अजहरूद्दीन को झपकी लगने से अनियंत्रित हुई कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। घटना में यासीन अंसारी पुत्र मुहम्मद सलामत अंसारी, उनकी बहू 32 वर्षीय इयारा खातून पत्नी मुहम्मद अजहरूद्दीन और आठ माह की बेटी सायरा पुत्री मुहम्मद अजहरूद्दीन निवासी कौशिकपुरी दिल्ली की मृत्यु हो गई।

घटना में अजहरूद्दीन के साले नसबुद्दीन घायल हो गए। घटना की सूचना पर नगला खंगर थाने की पुलिस और यूपीडा टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घायल नसबुद्दीन को सैफई पीजीआइ में भर्ती कराया गया। एसओ नगला खंगर महेश कुमार ने बताया कि चालक को झपकी लगने से कार डिवाइडर से टकराई थी।

# शराब पार्टी से नाराज पत्नी ने बांका मारकर पति को मौत के घाट उतार दिया, गिरफ्तार



बाराबंकी में शराब पार्टी के बाद पत्नी ने बांका मारकर अपने पति की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद पत्नी ने खुद बाहर निकलकर शोर मचाया कि कोई पति को मारकर चला गया।बाराबंकी जिले के कोठी थाना क्षेत्र में एक युवक की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार शराब पीने के विवाद को लेकर युवक की पत्नी ने उसकी हत्या की। भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य बिंदुओं की पड़ताल की जा रही है। कोठी थाना क्षेत्र के ग्राम पीरपुर निवासी विनय राज ( 28 ) के यहां शनिवार रात को उसके कुछ रिश्तेदार आए थे और यहां बैठकर सभी लोगों ने शराब पी थी। पार्टी खत्म होने के बाद सभी घर चले गए और विनय राज की अपनी पत्नी राधा से शराब पीने को लेकर कहासुनी शुरू हो गई।कुछ देर बाद उसकी पत्नी राधा ने गांव वालों से चिल्ला कर कर बताना शुरू कर दिया कि उसके पति की हत्या करके कोई भाग गया है। सूचना पाकर मौके पर एसपी दिनेश कुमार सिंह पहुंचे। पुलिस के अनुसार, प्रथमदृष्टया जांच में साबित हुआ है कि पत्नी ने ही बांका मारकर पति की हत्या की। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि मृतक के भाई की ओर से हत्या का मुकदमा कोठी थाने में दर्ज कर लिया गया है। इस घटना में और कौन शामिल हैं इसकी पड़ताल की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर दो बसों में टक्कर, 3 यात्रियों की मौत, 13 घायल




नोएडा- नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह को दो बस के बीच ओवरटेक करने के दौरान हादसा हो गया। घटना में उपचार के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं 13 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए निजी व सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, रविवार सुबह करीब 5 बजे परी चौक से नोएडा जाने वाली सड़क पर सेक्टर 157 नोएडा के सामने दो बसों में टक्कर हो गई। इनमें से एक बस MP 04 PA 3243 मध्यप्रदेश के शिवपुरी से दिल्ली जा रही थी और दूसरी बस क्क्ष7˛ञ्ज 6460 प्रतापगढ़ से आनंद विहार जा रही थी।इस घटना में अस्पताल में इलाज के दौरान 3 लोगो की मृत्यु हो गयी है, घायलों में 3 को यथार्थ अस्पताल ग्रेटर नोएडा और 10 को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, यातायात सुचारु रूप से चल रहा है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि मध्य प्रदेश से आने वाली बस सेक्टर 157 के पास खड़ी थी। पीछे से प्रतापगढ़ से आ रही बस ने उस में टक्कर मारी थी। पुलिस को 2 मृतक के बारे में जानकारी मिल गई है, एक मृतक की पहचान 18 वर्ष के कार्तिकेय द्विवेदी के रूप में हुई है जो प्रतापगढ़ के भवानीगंज गांव के रहने वाले थे। जबकि दूसरे 25 वर्षीय तामील दिल्ली करावल नगर डी 270 में रहते थे।नॉलेज पार्क के तहत ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर 2 बसों की टक्कर में 3 लोगों की मौत हो गई। मौके पर पुलिस कर्मी मौजूद हैं- ग्रेटर नोएडा पुलिस, उत्तर प्रदेश